(c) the number of film certified by the regional office at Hyderabad?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) The number of Indian feature films certified 'U', 'UA' and 'A' during January to May 1992 is as under:

U-226

UA-36

A-64

TOTAL—326

(b) The number of Indian feature films originally refused certificate during the period by Central Board of Film Certification is 7.

(c) The number of Indian feature films granted certificate at the Hyderabad regional office of Central Board of Film Certification from January to May 1992 is 63.

**स्टार टी० वी०, बी० बी० सी० की हिन्दी सेवाओं का प्रसारण**

1563. **श्री शंकर दयाल सिंह :**
**श्री गुफरान आजम :**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने स्टार टी०वी०, बी०बी०सी० और सी०एन०एन० की हिन्दी सेवाओं को दूरदर्शन से प्रसारित करने की अनुमति प्रदान कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इसके परिणामस्वरूप दूरदर्शन को भारी राजस्व क्षति होने की संभावना है ; और

(घ) सरकार दूरदर्शन की लोकप्रियता को पुनः बहाल करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय उप मंत्री (कुमारी गिरजा व्यास)** : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) ये सवाल पैदा ही नहीं होते ।

(घ) दूरदर्शन का निरन्तर यह प्रयास रहता है कि उसके कार्यक्रमों के स्वरूप और विषयवस्तु में समय-समय पर गुणात्मक सुधार किए जाएं ताकि उसके कार्यक्रमों में दर्शकों की रुचि बराबर बनी रहे ।

**"चाणक्य" धारावाहिक से दूरदर्शन को हुई राजस्व की प्राप्ति**

1564. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "चाणक्य" धारावाहिक के प्रसारण से दूरदर्शन को अब तक कुल कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है ;

(ख) क्या सरकार भविष्य में ऐसे अन्य ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धारावाहिकों के प्रसारण का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास)** : 41 वां प्रकरण के प्रसारित कर दिए जाने तक 14,74,13,500/- रुपये ।

(ख) और (ग) दूरदर्शन का यह प्रयास रहता है कि सुस्थापित परम्पराओं और विरासत तथा सामाजिक—सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विषयों पर धारावाहिक और अन्य कार्यक्रम प्रसारित किए जाएं जिनका महत्व विश्वव्यापी हो । यह एक सतत प्रक्रिया है ।